University in News on 26 February 2021

NBT PAGE 6

लखनऊ विवि के 12 छात्रों को मिली नौकरी

■ एनबीटी, लखनऊः लखनऊ यूनिवर्सिटी के 12 छात्रों को आईटी कंपनीज में कैंपस प्लेसमेंट मिला है। ये सभी एलयू के इंजिनियरिंग संकाय के छात्र हैं। एलयू के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि अब तक इंजिनियरिंग संकाय के 101 छात्रों को विभिन्न मल्टी नैशनल कंपनियों में नौकरी मिल चुकी है।

अब तक इंजिनियरिंग संकाय के 101 विद्यार्थियों को मिल चुका है प्लेसमेंट

इंजीनियरिंग संकाय के प्लेसमेंट सेल इंचार्ज डॉ. हिमांशु पांडेय ने बताया कि विभाग के ट्रेनिंग ऐंड प्लेसमेंट सेल की तरफ से 23 और 24 फरवरी कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव रखा गया था। एलयू के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय और इंजिनियरिंग संकाय के इंचार्ज प्रो. आरएस गुप्ता ने सभी चयनित छात्रों और संकाय के प्लेसमेंट टीम में शामिल इं. पवन राजावत, डॉ. ईशा सिंह, इं. प्रशांत सिंह, इं. गौरव श्रीवास्तव, इं. पंकज कुमार, इं. सुशील गुप्ता, इं वाजिद अली और इं. अंशु सिंह को वधाई दी।

एलयू न्यू कैंपस में 25 यूनिट रक्त दान किया

■ एनबीटी, लखनऊः लखनऊ यूनिवर्सिटी के न्यू कैंपस में गुरुवार को मिशन शक्ति जागरूकता अभियान के तहत रक्तदान शिविर में 25 यूनिट रक्त इकट्ठा किया गया। समाज में जागरूकता के लिए पोस्टर कॉम्पिटशन, पेंटिंग, स्लोगन लेखन प्रतियोगिता करवाई गई। इस दौरान एलयू कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय, न्यू कैंपस के निदेशक प्रो. बीडी सिंह, कोऑर्डिनेटर डॉ. शैली मालिक, डॉ. वरुण छाछर, डीएसडबल्यू प्रो. पूनम टंडन मौजूद रहीं।

I-NEXT PAGE 4

12 छात्रों को मिला प्लेसमेंट

LUCKNOW(25 Feb): एलयू के 12 छात्रों का 3.7 लाख प्रति वर्ष के पैकेज पर आइटी कंपनीज में सेलेक्शन हो गया. 23 और 24 फरवरी को विवि के इंजीनियरिंग संकाय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव हुई थी.

इंजीनियरिंग संकाय के प्लेसमेंट सेल इंचार्ज डा. हिमांशु पांडेय ने बताया कि सीनोरीक आर एंड डी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के छात्रों का ट्रेनी साफ्टवेयर इंजीनियर के पद पर अधिकतम 3.7 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर प्लेसमेंट हुआ. लविवि के प्रवक्ता डा. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि अब तक इंजीनियरिंग संकाय के 101 छात्रों का चयन विभिन्न मल्टीनेशनल कंपनीज में हो चुका है. कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय एवं इंजीनियरिंग संकाय के इंचार्ज प्रो. आरएस गुप्ता ने सभी चयनित छात्रों एवं इंजीनियरिंग संकाय के प्लेसमेंट टीम इंजीनियर पवन राजावत, डा. ईशा सिंह, प्रशांत सिंह, गौरव श्रीवास्तव, पंकज कुमार, सुशील गुप्ता, वाजिद अली एवं अंशु सिंह के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी है.

मूट कोर्ट में जौहर दिखाएंगे लॉ स्टूडेंट्स

LUCKNOW (25 Feb inext): एलयू के लॉ डिपार्टमेंट में तीन दिवसीय 9वां प्रोफेसर केके श्रीवास्तव इंटर सेमेस्टर मूट कोर्ट कंपटीशन शुक्रवार से शुरू होकर 28 फरवरी तक चलेगा. सभी कंपटीशन एलयू के न्यू कैंपस में होंगे. यह जानकारी प्रो. केके श्रीवास्तव के बेटे डॉ. ललित किशोर श्रीवास्तव ने दी. कंपटीशन में 43 टीमें हिस्सा ले रही हैं. हर टीम में 2 वक्ता और 1 रिसर्च स्कॉलर हैं.

28 फरवरी को होगा फाइनल राउंड

प्रोग्राम का शुभारंभ चीफ गेस्ट बेसिक शिक्षा मंत्री सतीश चंद्र द्विवेदी करेंगे. वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में बीजेपी के प्रदेश उपाध्यक्ष दयाशंकर सिंह मौजूद रहेंगे. कंपटीशन से पहले सभी टीमों को मूट कोर्ट से संबंधित जानकारी दी जाएगी. वहीं रिसर्चर टेस्ट का आयोजन किया जाएगा, जिसमें पहला स्थान प्राप्त करने वाले स्टूडेंट को पुरस्कृत किया जाएगा. कंपटीशन के दूसरे दिन पहले चरण के मूट कोर्ट का आयोजन होगा. इस दौरान टॉप 8 टीमों के बीच क्वार्टर फाइनल राउंड का होगा. राउंड के विजेताओं को प्रतियोगिता के अगले चरण में भेजा जाएगा. क्वार्टर फाइनल राउंड के विजेताओं के बीच सेमीफाइनल राउंड संडे को होगा. इसी दिन सेमीफाइनल राउंड के विजेताओं के बीच फाइनल राउंड होगा. फाइनल राउंड के निर्णायक मंडल में न्यायमूर्तियों की संवैधानिक पीठ रहेगी.

JAGRAN CITY PAGE I

सांख्यिकी विभाग का प्रैक्टिकल होगा आनलाइन

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय (लविवि) के सांख्यिकी विभाग ने गुरुवार को प्रैक्टिकल की तिथियां घोषित कर दी हैं। एमए, एमएससी तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाएं इस बार आनलाइन होंगी। सांख्यिकी विषय की एमए, एमएससी तृतीय सेमेस्टर का आनलाइन प्रैक्टिकल छह मार्च को सुबह 11:00 बजे से होगा। वहीं, बायोस्टेटिक्स विषय की एमए, एमएससी तृतीय सेमेस्टर का आनलाइन प्रैक्टिकल 15 मार्च सुबह 11:00 बजे होगा। (जासं)

किया रक्तदान

लखनऊ : लविवि में बुधवार को मिशन शक्ति के तहत चार दिवसीय जागरूकता अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने किया। इसके तहत पोस्टर, पेंटिंग, स्लोगन और नारा लेखन आदि की प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। पहले दिन रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। प्रो. आलोक कुमार राय और प्रो. पूनम टंडन ने महिला सशक्तीकरण पर अपने विचार व्यक्त किए। (जासं)

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

ऑनलाइन प्रैक्टिकल परीक्षा छह मार्च से

लखनऊ। लखनऊ विवि के सांख्यिकी विभाग की ओर से एमए-एमएससी का प्रैक्टिकल ऑनलाइन आयोजित किया जाएगा। विभागाध्यक्ष प्रो. राजीव पांडेय के अनुसार 06 और 15 मार्च को सुबह 11 बजे से प्रैक्टिकल का आयोजन किया जाएगा। इसकी विस्तृत जानकारी विद्यार्थी विभाग से प्राप्त कर सकते हैं।

PIONEER PAGE 3

इंजीनियरिंग संकाय के 12 छात्रों का कैंपस प्लेसमेंट

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा 23 और 24 फरवरी को आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में 12 छात्रों को कैंपस प्लेसमेंट मिला है। इंजीनियरिंग संकाय के प्लेसमेंट सेल इंचार्ज डॉ हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि सीनोरीक आर एंड डी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी मे कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के तीन छात्रों का ट्रेनी सॉफ्टवेयर इंजीनियर के पद पर अधिकतम 3.7 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर प्लेसमेंट हुआ। साथ ही स्वयं इंफोवेयर प्राइवेट लिमिटेड मे कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के सात छात्रों और इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के दो छात्रों का चयन सॉफ्टवेयर इंजीनियर प्रोफेशनल ट्रेनी के पद पर 3 लाख प्रतिवर्ष पैकेज पर हुआ। लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि अब तक इंजीनियरिंग संकाय के 101 छात्रों का चयन विभिन्न मल्टी नेशनल कम्पनीज में हो चुका है।

AMRIT VICHAR PAGE 3

लविवि में 12 छात्रों को मिला कैंपस प्लेसमेंट

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की ओर से आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में 12 छात्रों को कैंपस प्लेसमेंट मिला। इंजीनियरिंग संकाय के प्लेसमेंट सेल इंचार्ज डॉ हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि सीनोरीक आर एंड डी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी मे कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के तीन छात्रों का ट्रेनी सॉफ्टवेयर इंजीनियर के पद पर अधिकतम 3.7 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर प्लेसमेंट हुआ। साथ ही स्वयं इंफोवेयर प्राइवेट लिमिटेड मे कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के सात छात्रों और इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के दो छात्रों का चयन सॉफ्टवेयर इंजीनियर प्रोफेशनल ट्रेनी के पद पर 3 लाख प्रतिवर्ष पैकेज पर हुआ। लविवि के प्रवक्ता डॉ दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि अब तक इंजीनियरिंग संकाय के 101 छात्रों का चयन विभिन्न मल्टी नेशनल कम्पनीज में हो चुका है।

TOI PAGE 2

LU PG exams to be theory-based

TIMES NEWS NETWORK

Lucknow: Lucknow University will conduct theoretical examination for post-graduate students like in pre-Covid times. The university had earlier decided to continue with multiple-choice question (MCQ) pattern instead of theoretical examination due to the pandemic.

"The first-semester examination of PG students in 2020-21 will be theory-based like held earlier. At the undergraduate level, as per the ordinance, the odd semester examination will be held in MCQ pattern and even semester in theory pattern. In PG, examination of all semesters will be theory-based," said LU spokesperson Durgesh Srivastava.

"Last year, due to the pandemic, we had conducted PG examination on MCQ pattern," said Srivastava.

Following government directions, LU had conducted all examinations of final years in MCQ format in August and had promoted the remaining students.

HINDUSTAN PAGE 3

राज्य स्तरीय बी॰ एड॰ (द्विवर्षीय)
संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2021–2023

आयोजकः **लखनऊ विश्वविद्यालय**, लखनऊ, उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालयों एवं उनसे सम्बद्ध/सहयुक्त तथा घटक महाविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2021–2023 के बी.एड॰ पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु राज्य स्तरीय बी.एड॰ (द्विवर्षीय) संयुक्त प्रवेश परीक्षा, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा आयोजित की जा रही है। प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने के लिये ऑन–लाइन आवेदन आमंत्रित हैं। ऑन–लाइन आवेदन तथा अन्य सम्बन्धित दिशा–निर्देश, लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइटः www.lkouniv.ac.in पर दिनाँक 18 फरवरी, 2021 से उपलब्ध हैं।

कुलसचिव

SWATANTRA BHARAT PAGE 4

लखनऊ विश्वविद्यालय इंजीनियरिंग संकाय के 12 छात्रों का आई.टी कम्पनीज में प्लेसमेंट

स्वतंत्र भारत, संवाददाता, लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा 23 और 24 फरवरी 2021 को आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में 12 छात्रों को कैंपस प्लेसमेंट मिला। इंजीनियरिंग संकाय के प्लेसमेंट सेल इंचार्ज डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि सीनोरीक आर एंड डी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी मे कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के तीन छात्रों का ट्रेनी सॉफ्टवेयर इंजीनियर के पद पर अधिकतम 3.7 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर प्लेसमेंट हुआ। साथ ही स्वयं इंफोवेयर प्राइवेट लिमिटेड में कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के सात छात्रों और इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के दो छात्रों का चयन सॉफ्टवेयर इंजीनियर प्रोफेशनल ट्रेनी के पद पर 3 लाख प्रतिवर्ष पैकेज पर हुआ। विश्वविद्यालय प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि अब तक इंजीनियरिंग संकाय के 101 छात्रों का चयन विभिन्न मल्टी नेशनल कम्पनीज में हो चुका है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय एवं इंजीनियरिंग संकाय के इंचार्ज प्रोफेसर आर.एस.गुप्ता ने सभी चयनित छात्रों एवं इंजीनियरिंग संकाय के प्लेसमेंट टीम (इंजी. पवन राजावत, डॉ. ईशा सिंह, इंजी. प्रशांत सिंह, इंजी. गौरव श्रीवास्तव, इंजी. पंकज कुमार, इंजी. सुशील गुप्ता, इंजी वाजिद अली एवं इंजी अंशु सिंह) को बधाई दी।

VOICE OF LUCKNOW PAGE 5

12 छात्रों को मिला आईटी कंपनी में प्लेसमेंट

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की ओर से आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में 12 छात्रों को कैंपस प्लेसमेंट मिला। इंजीनियरिंग संकाय के प्लेसमेंट सेल इंचार्ज डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि सीनोरीक आर एंड डी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी मे कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के तीन छात्रों का ट्रेनी सॉफ्टवेयर इंजीनियर के पद पर अधिकतम 3.7 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर प्लेसमेंट हुआ।